रोहतक

बुधवार, 28 मई, 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 117
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 39.8
न्यून. 23.8


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,551.63 | 624.82 ▼ |
| निफ्टी | 24,882.20 | 174.95 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,500 /- | 800/- ▼ |
| चांदी | 99,000/- | 1370/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.37 | 27 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 65.07/ बैरल | 0.51% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


## खबर संक्षेप

### डॉ अमित आर्य बने दादा लख्मीचंद यूनिवर्सिटी के वीसी



**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** राज्यपाल और दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा), रोहतक के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. अमित आर्य को दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स, रोहतक का कुलपति नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु तक रहेगा, जो भी पहले होगा। आर्य जहां संघ के स्वयं सेवक के तौर पर लंबे वक्त तक जुड़े रहे हैं, वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य रहे।

### आईटीआर की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिन व्यक्तियों और संस्थाओं को अपने खातों का ऑडिट कराने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना होता है। भाषा

### अब वक्फ एक्ट 1995 को चुनौती, केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ अधिनियम, 1995 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब तलब किया। प्रमुख न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। साथ ही, याचिका को इसी मामले में दायर अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध कर दिया। भाषा

### छात्रा की मौत मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**कोटा।** कोटा पुलिस ने जम्मू कश्मीर की छात्रा की यहां महावीर नगर के किराए के मकान में मौत के संबंध में आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। नीट की तैयारी के लिए कोटा लौटी छात्रा जीशान जहां पढ़ाई कर रही थी। उसने किसी कोचिंग संस्थान में दाखिला नहीं लिया था। छात्रा अनंतनाग से थी। वह रविवार को कमरे में पंखे से लटकी मिली थी।

## पंचकूला योग महोत्सव में सीएम ने सूर्य नमस्कार कर किए कई ऐलान

*दुर्घटना में मृत्यु होने पर आयुष योग सहायकों के परिवारों को 3-3 लाख की मदद*

# योग और प्राकृतिक चिकित्सक पंजीकृत होंगे, 3 पोर्टल लॉन्च

- *सैनी बोले, आयुष विभाग में पारदर्शिता लाएंगे, 264 प्रतिभागी सम्मानित किए*
- *योग, खेल व अन्य विषयों को सम्मिलित करते हुए परीक्षाएं भी आयोजित करेंगे*
- *6500 गांव में व्यायामशालाएं खोलने के लिए प्रतिबद्ध, 714 का हो चुका निर्माण*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पंचकूला में आयोजित भव्य योग महोत्सव के दौरान कई बड़े ऐलान किए। सीएम ने कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करने वाले आयुष योग सहायकों की सेवा के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को अपने ऐच्छिक कोष से 3-3 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। योग और प्राकृतिक चिकित्सकों का पंजीकरण किया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल से होगी। वहीं, आयुष विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए तीन पोर्टल भी लॉन्च किए। सीएम ने कहा कि सरकार ने स्कूलों में पहली से 10वीं कक्षा तक योग को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया है। अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए योग, खेल व अन्य विषयों को सम्मिलित करते हुए पाठ्यक्रम में शामिल कर औपचारिक रूप से इनकी परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से 'सूर्य नमस्कार अभियान 2025' के 264 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सूर्य नमस्कार अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से आरम्भ हुआ था और महर्षि दयानद सरस्वती जी की जयंती 12 फरवरी को इसका समापन हुआ। इसमें 46 लाख लोगों ने भागीदारी की। इस मौके पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहीं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव - 2025 में विभिन्न जिलों से आए सूर्य नमस्कार-2025 के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### ये तीन पोर्टल लॉन्च किए

- **ई-मार्केट प्लेस :** इस पर औषधीय पौधे तैयार करने वाले किसान, स्टाकिट्स पंजीकरण कर सकेंगे। उनसे कोई भी व्यक्ति औषधीय पौधों की खरीद कर सकेगा।
- **आयुष औषधि इन्वेंटरी :** आयुष औषधियों की प्रबंधन प्रणाली पर आयुष विभाग के अधिकारी औषधियों की मांग कर सकते हैं और स्टॉक अपडेट देख सकते हैं।
- **ई औषधि लाइसेंसिंग :** इस पर नए अथवा लोन लाइसेंस प्राप्त करने, पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

### इन पुस्तकों का विमोचन

मुख्यमंत्री ने लेखिका मधु पंडित की पुस्तक द डेली पॉज़ – ए मेडिटेशन डायरी फॉर बिज़ी लाइव्स का विमोचन किया। इसके अलावा, हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रकाशित 2 मैगज़ीन-योग साधना से विश्व कल्याण और सूर्य नमस्कार विशेषांक तथा स्मारिका का भी विमोचन किया।

### आधुनिकता के साथ जुड़ रहा प्राचीन विज्ञान

सीएम ने कहा कि पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, गांव देवरखाना जिला झज्जर में पोस्ट ग्रेजुएट योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई है। इसमें ओपीडी की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 6500 गांवों में व्यायामशालाएं खोलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए 1121 जगहों को चिह्नित किया है। इनमें से 714 व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुक है। इन व्यायामशालाओं में 877 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है। 506 आयुर्वेदिक औषधालयों व उपस्वास्थ्य केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अपग्रेड कर दिया गया है। इन आयुष हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में 126 योग इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति की जा चुकी है।

## बब्बर खालसा और पाकिस्तानी एजेंसियों पर शक

# अमृतसर में ब्लास्ट, बम उठाकर ले जा रहे खालिस्तानी आतंकी के चीथड़े उड़े



सुबह करीब 9 बजे खाली पड़े क्षेत्र से विस्फोटक सामग्री निकालते समय धमाका, आग भी लगी
■
डीआईजी सतिंदर बोले, यह आतंकवादी हमला, एसएसपी ने कहा- हथियारों की खेप उठाने आया था मरने वाला

**चंडीगढ़/अमृतसर (भाषा)।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर मंगलवार को खाली पड़े इलाके से विस्फोटक सामग्री निकालते समय हुए विस्फोट में खालिस्तानी आतंकवादी के चीथड़े उड़ गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ यह विस्फोट इतना जोरदार था कि व्यक्ति के दोनों हाथ उड़ गए। ब्लास्ट के बाद मौके पर आग भी लग गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह ब्लास्ट आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने कराया है और मरने वाला इसी संगठन से जुड़ा था। धमाके के बाद मौके पर पहुंचे पंजाब पुलिस की बॉर्डर रेंज के डीआईजी सतिंदर सिंह ने भी माना कि यह आतंकी घटना है। जिस शख्स की मौत हुई, वह हथियारों की खेप उठाने आया था। इसी दौरान धमाका हो जाने से उसके चीथड़े उड़ गए। मरने वाले व्यक्ति की जेबों से कुछ सबूत मिले हैं। उसकी पहचान की जा रही है। वह किस आतंकी संगठन से जुड़ा था? यह भी पता लगाया जा रहा है। अमृतसर देहाती पुलिस के एसएसपी मनिंदर सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश में लगी हैं।

### हम जांच कर रहे

बॉर्डर रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सतिंदर सिंह ने कहा कि उस व्यक्ति का बब्बर खालसा अंतरराष्ट्रीय (बीकेआई) जैसे किसी आतंकवादी संगठन से संबंध होने का संदेह है। 'हम उसकी पहचान करने के साथ ये जांच कर रहे हैं कि वह किस आतंकवादी संगठन से जुड़ा हुआ था।'

### इलाके में दहशत फैली

सिंह ने कहा, 'साक्ष्यों के अनुसार, वह स्पष्ट रूप से किसी आतंकवादी संगठन का सदस्य था।' 'फोरेंसिक' की एक टीम यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि यह आईईडी ('इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस') विस्फोट था या ग्रेनेड विस्फोट। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मनिंदर सिंह ने कहा कि व्यक्ति कुछ विस्फोटक सामग्री निकाल रहा था, तभी संभवतः लापरवाही के कारण यह विस्फोट हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी, जिसके बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस ने इलाके को घेर लिया। डीआईजी ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं।

### चश्मदीद बोले- तेज धमाका हुआ

यह धमाका अमृतसर शहर की रिहायशी कॉलोनी- 'डिसेंट एवेन्यू' के बाहर हुआ। कॉलोनी में रहने वाले एक चश्मदीद ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास अचानक तेज धमाका हुआ। ब्लास्ट की आवाज सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति दर्द से कराह रहा था। उसके हाथ-पैरों के चीथड़े उड़ चुके थे। कुछ झाड़ियों में आग भी लगी थी। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को गुरु नानकदेव अस्पताल पहुंचाया। वहां उसने दम तोड़ दिया।

# 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी, 7000 किलो विस्फोटक लेकर उड़ सकेगा

राडार की पकड़ में नहीं आएगा
■
2035 तक उपलब्ध होगा
■
एएमसीए को वायुसेना और नेवी में तैनात किया जाएगा
■
एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियां करेंगी मदद
■
तेजस के बाद दूसरा स्वदेशी फाइटर जेट होगा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह लड़ाकू विमान 7000 किलो विस्फोटक लेकर उड़ने में सक्षम होगा और किसी भी दुश्मन देश के राडार की पकड़ में नहीं आएगा। इसे वायुसेना और नौसेना में तैनात किया जाएग। यह लड़ाकू विमान 2035 तक सेना को मिल जाएगा। यह तेजस के बाद दूसरा स्वदेशी फाइटर जेट होगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयरक्राफ्ट को बनाने के लिए सरकारी के साथ निजी कंपनियों को भी बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) जल्द ही इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओएल) जारी करेगा। एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियों को मौका देने की घोषणा से डिफेंस और इससे जुड़े सेक्टर्स की कंपनियों के शेयर्स में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स भी 52 सप्ताह के नए हाई 8,674.05 पर पहुंच गया।



### 2024 में मंजूरी मिली

- अप्रैल, 2024 में सीसीएस ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15000 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। यह 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' (एएमसीए) है।
- एडीए इस प्रोग्राम के एग्जीक्यूशन और एयरक्राफ्ट डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी है। एडीए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के तहत आता है।
- यह भारतीय वायुसेना के अन्य लड़ाकू विमानों से बेहतर होगा। दुश्मन के रडार से बचने के लिए हाईटेक स्टेल्थ टेक्नोलॉजी से लैस होगा। इंटरनेशनल लेवल पर इस्तेमाल हो रहे 5वीं पीढ़ी के अन्य स्टेल्थ लड़ाकू विमानों के जैसा या उससे भी बेहतर होगा।

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र का ऐलान

# भारत दो सीट वाला इलेक्ट्रिक ट्रेनर विमान विकसित करेगा

**नई दिल्ली(भाषा)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अगली पीढ़ी के दो सीट वाले इलेक्ट्रिक ट्रेनर विमान इलेक्ट्रिक हंसा (ई-हंसा) को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नया विमान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। ई-हंसा ट्रेनर विमान की कीमत आयातित विकल्पों की तुलना में काफी कम होने की उम्मीद है, जो संभवतः लगभग 2 करोड़ रुपये होगी। सिंह ने विभिन्न विज्ञान विभागों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक मासिक बैठक के दौरान कहा कि यह तुलनात्मक आयातित ट्रेनर विमान की कीमत का लगभग आधा है।

**ई-हंसा ट्रेनर विमान की कीमत करीब 2 करोड़ होगी**



# सोनीपत के साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री से नवाजा

**नई दिल्ली/ सोनीपत(हरिभूमि न्यूज)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स से देश की 68 हस्तियों को सम्मानित किया। मुर्मू ने सोनीपत के साहित्यकार एवं लेखक डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा। साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. देशवाल को सम्मानित किया गया है। इनके अलावा बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। *पेज 7 भी देखें*

## मानसून के दौरान 87 सेमी की दीर्घकालिक औसत बारिश का 106 प्रतिशत बारिश

*आईएमडी का दावा, कोर जोन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा शामिल*

# जून में सामान्य से ज्यादा बारिश होगी लॉन्ग पीरियड एवरेज 108% रहेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि भारत में जून में सामान्य से अधिक वर्षा होने की पूरी संभावना है, जो दीर्घकालिक औसत का 108 प्रतिशत होगी। आईएमडी ने कहा कि पूरे मानसून के दौरान देश में 87 सेमी की दीर्घकालिक औसत बारिश का 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मौसम में मानसून कोर जोन में सामान्य से अधिक (लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत से अधिक) बारिश होने की संभावना है। मानसून कोर जोन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आस-पास के इलाके शामिल हैं।



### कृषि क्षेत्र काफी हद तक निर्भर

इस क्षेत्र में ज़्यादातर बारिश दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान होती है और यह कृषि के लिए काफी हद तक इस पर निर्भर करता है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वोत्तर में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मध्य और दक्षिण भारत में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज किये जाने की संभावना है।

### क्या होता है लॉन्ग पीरियड एवरेज

इसका मतलब है कि मौसम विभाग ने 1971-2020 की अवधि के आधार पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) को 87 सेमी (870 मिमी) निर्धारित किया है। अगर किसी साल की बारिश 87 सेमी से ज्यादा होती है, तो उसे सामान्य से अधिक माना जाता है। अगर कम हो तो कमजोर मानसून माना जाता है।

### अल नीनो की संभावना नहीं

मौसम विभाग ने अप्रैल में कहा था कि 2025 के मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की संभावना नहीं है। यानी इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। कम बारिश की आशंका न के बराबर है। 2023 में अल नीनो सक्रिय था, जिसके कारण मानसून सीजन में सामान्य से 6 फीसदी कम बारिश हुई थी।

## उद्योग जगत की मांगें तेजी से बदल रही, एआई एक नया उभार

*बनर्जी बोले, पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए लचीला बनाया*

# आईआईटी दिल्ली ने छात्रों पर बोझ कम करने को 12 साल बाद पाठ्यक्रम बदला

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली ने छात्रों पर बोझ कम करने और उद्योग जगत की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए 12 वर्षों के बाद पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया है। संस्थान के निदेशक रंगन बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि पाठ्यक्रम में पिछली बार संशोधन 2013 में किया था। 'उद्योग जगत की मांगें तेजी से बदल रही हैं... एआई एक नई चीज उभर रही है और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस सुधार की कवायद 2022 में शुरू हुई थी। हम अपने पूर्व छात्रों, विद्यार्थियों से बात कर रहे हैं। हमारे संकाय उद्योग और समाज से जुड़े हुए हैं। हमने पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए लचीला बनाया है।




### कोर क्रेडिट की संख्या सीमित की

बनर्जी ने कहा, 'छात्रों पर बोझ की चिंता निश्चित रूप से उन कारकों में से एक थी, जिसने हमारे पाठ्यक्रम में सुधार का मार्गदर्शन किया। हमने प्रति सेमेस्टर कोर क्रेडिट की संख्या सीमित कर दी। पहले दो सेमेस्टर में जब प्रथम वर्ष के छात्र शामिल होंगे, तो उन पर अपेक्षाकृत कम बोझ होगा। यह भी देखने की कोशिश की है कि पहले वर्ष में कक्षाओं का आकार छोटा हो।' पहले दो सेमेस्टर के लिए कक्षा का आकार 300 के बजाय 150 होगा, ताकि अधिक व्यक्तिगत ध्यान सुनिश्चित किया जा सके।

### यह बदलाव दिखाई देगा

- बीटेक डिग्री के अतिरिक्त एक ऑनर्स प्रोग्राम शुरू किया गया है।
- कोई स्नातक छात्र अब अपने तीसरे वर्ष के अंत में आईआईटी दिल्ली में किसी भी उपलब्ध एमटेक कार्यक्रम में एमटेक डिग्री के लिए आवेदन कर सकता है।
- छात्र 5 साल में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों डिग्री प्राप्त कर सकेगा।
- प्रोग्रामिंग पर प्रारंभिक पाठ्यक्रम में एआई-आधारित कोड जनरेटर को एकीकृत किया।
- बीटेक के छात्रों को भविष्य के लिए एआई का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से उपयोग के तरीके पर प्रशिक्षण लेना होगा।

प्रशासनिक फेरबदल

## दो आईएएस और 39 एचसीएस अफसरों के तबादले किए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए, तत्काल प्रभाव से दो आईएएस और 39 एचसीएस अधिकारियों के तबादला और नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

- आईएएस अधिकारी अंकित कुमार चौकसे को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), झज्जर और शास्वत सांगवान को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), बराड़ा लगाया है।
- एचसीएस अधिकारियों में विवेक पदम सिंह को मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग का कंट्रोलर और विशेष सचिव बनाया गया है। उन्हें हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग तथा हरियाणा विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड का सदस्य सचिव भी लगाया गया है।
- डॉ. सरिता मलिक को हरियाणा सूचना का अधिकार आयोग का सचिव जबकि वत्सल वशिष्ठ को अतिरिक्त उपायुक्त एवं नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, गुरुग्राम नियुक्त किया गया है। जग निवास को अतिरिक्त उपायुक्त एवं नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, झज्जर जबकि सुशील कुमार-1 को अतिरिक्त उपायुक्त एवं नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, महेंद्रगढ़ का कार्यभार सौंपा है।
- वीरेंद्र सहारावत को जिला नगर आयुक्त, सिरसा और सतबीर सिंह को अतिरिक्त उपायुक्त एवं नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, फरीदाबाद तथा एपीजेड फरीदाबाद का विशेष अधिकारी लगाया गया है।
- वंदना दिसोदिया को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) तथा डॉ. सुशील कुमार-2 को जिला नगर आयुक्त, कैथल की जिम्मेदारी दी है।
- दलबीर सिंह को जिला नगर आयुक्त, नूंह जबकि अश्वनी मलिक को खेल एवं युवा मामले विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) लगाया है।
- ममता को अतिरिक्त निदेशक, मॉडल संस्कृति स्कूल विजेंद्र हुड्डा को आयुष विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) का दायित्व सौंपा गया है।
- रवींद्र यादव और मनीष कुमार लोहान को नगर निगम, गुरुग्राम में अतिरिक्त आयुक्त लगाया गया है।
- जितेंद्र कुमार-3 को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), तावडू और भारत भूषण को पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण का जॉइंट सीईओ नियुक्त किया गया है।
- संजीव कुमार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), बादशाहपुर लगाया गया है, जबकि नगर निगम, रोहतक में संयुक्त आयुक्त तथा भूपेंद्र सिंह को पीजीआईएमएस रोहतक में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।
- श्वेता सुहाग को सहकारी चीनी मिल, रोहतक का प्रबंध निदेशक तथा शंभू को जिला परिषद और डीआरडीए, कुरुक्षेत्र का सीईओ नियुक्त किया गया है।
- आशीष कुमार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), रोहतक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, रोहतक का सम्पदा अधिकारी, भूमि अधिग्रहण अधिकारी, रोहतक तथा गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक का प्रशासक लगाया गया है।
- सुरेंद्र सिंह-3 को माध्यमिक शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) तथा स्कूल शिक्षा विभाग में उप सचिव जबकि मनदीप कुमार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), पानीपत की जिम्मेदारी दी गई है।
- सुरेश रवीश को जिला परिषद तथा डीआरडीए, कैथल का सीईओ जबकि डॉ. नरेश कुमार को नगर निगम, गुरुग्राम का संयुक्त आयुक्त लगाया है।
- हितेंद्र कुमार को नगर निगम, मानेसर का संयुक्त आयुक्त और मीतू धनखड़ को नगर निगम, सोनीपत का संयुक्त आयुक्त लगाया है।
- नवदीप सिंह को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), इसराना जबकि संजीव कुमार को माध्यमिक शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) और स्कूल शिक्षा विभाग में उप सचिव का दायित्व सौंपा गया है।
- सहकारी चीनी मिल, महम के प्रबंध निदेशक मुकुंद को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), महम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। शिवजीत भारती को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), नारायणगढ़ तथा नारायणगढ़ चीनी मिल, नारायणगढ़ का सीईओ एवं कार्यकारी निदेशक लगाया गया है।
- अखिलेश कुमार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), दक्षिण गुरुग्राम लगाया गया है। अमित को सामाजिक न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) नियुक्त किया गया है।
- गौरव चौहान को नगर निगम, पंचकूला का संयुक्त आयुक्त जबकि हरप्रीत कौर को सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) और उप सचिव लगाया है।
- विश्वजीत सिंह को केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के सदस्य सचिव और हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।
- नीरज शर्मा को उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) और उप सचिव जबकि हनी बंसल को राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण का सचिव नियुक्त लगाया है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपायुक्तों को दिए निर्देश, जलभराव के कारणों की पहचान करें

# ड्रेनों की सफाई 15 जून से पहले हो, 10 को फिर समीक्षा, लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई होगी

- बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी कर रहे उपायुक्तों को कहा- अपने-अपने जिलों में मानसून से पहले तैयारी पूरी करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

*पानी भंडारण को एसवाईएल और हांसी-बुटाना नहरों का उपयोग करने की योजना*



मुख्यमंत्री सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की सफाई की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने जिलों में बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी कर रहे सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में मानसून सीजन से पहले ड्रेनों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक शेड्यूल बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि ड्रेन की सफाई का कार्य हर हाल में 15 जून से पहले पूरा हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी अन्य प्रशासनिक सचिवों के साथ 10 जून को फिर से इस कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे। यदि किसी अधिकारी की ओर से कोई लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में ली जाएगी। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह एवं राजस्व) सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा, दोनों विभागों के इंजीनियर-इन-चीफ एवं मुख्य अभियंता भी मौजूद थे। जिला उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी अभियंता वर्चुअल बैठक में शामिल हुए।

#### सीएम ने जताई चिंता

ड्रेनों की आंतरिक सफाई की वर्तमान गति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मानसून आने में बहुत कम समय बचा है और अभी यह काम शेष है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए इस सम्बन्ध में सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, फील्ड में कार्यरत सभी अधीक्षण अभियंताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में ड्रेनों की सफाई सही तरह से की जाए।

#### योजनाओं को पूरा करें

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी फोकस करते हुए बाढ़ नियंत्रण से संबंधित चल रही योजनाओं को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी के लिए आवश्यक पंपों की स्थिति और उपलब्धता का आकलन करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को विशिष्ट क्षेत्रों में जलभराव के कारणों की पहचान करने तथा स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए लक्षित योजनाएं बनाने के भी निर्देश दिए।

प्लानिंग

#### सिंचाई की जरूरतें पूरी करने पर फोकस

बैठक में मुख्यमंत्री ने टांगरी और मारकंडा नदियों में गाद निकालने के काम की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मानसून के दौरान जल भंडारण के लिए एसवाईएल और हांसी-बुटाना लिंक नहरों के मौजूदा चैनलों का उपयोग करने के लिए परियोजना पर काम कर रहा है। इस योजना में ड्रेनों सहित घग्गर नदी के पानी को इन दोनों नहरों में भेजना और पानी को रोकने के लिए अस्थायी अवरोधों का निर्माण करना शामिल है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बाढ़ नियंत्रण और भूजल को रिचार्ज करना है, बल्कि सिंचाई की जरूरतों को पूरा करना भी है।

*मंत्री अनिल विज ने दिए निर्देश*

## 2047 के मुताबिक स्थापित किया जाए बिजली निगमों का इन्फ्रास्ट्रक्चर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए बिजली निगम द्वारा बिजली के सब स्टेशन एवं पोल इत्यादि की स्थापना की जाए, ताकि देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में हरियाणा के ऊर्जा विभाग का अहम योगदान रहे। विज ने कहा कि राज्य के लोगों को उच्च गुणवत्तापरक व समय पर बिजली मुहैया करवाने के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को मौसम को मद्देनजर रखते आगामी कार्यवाही करनी होगी। विज यहां ऊर्जा व परिवहन विभागों की उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने पिछले दिनों राज्य में आई आंधी व बेमौसम बरसात पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में जितने भी बिजली के सब स्टेशन स्थापित किए जाएं तो जगह इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों व विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाए, ताकि बाढ इत्यादि आपदा होने पर सब स्टेशन व उपकरणों को नुकसान न हो।

## गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए हर डीसी को 99 लाख जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- बाढ़ राहत उपायों के लिए 1.49 करोड़ आवंटित

हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज कहा कि राज्य सरकार ने मानसून सीजन से पहले बाढ़ राहत उपाय करने के लिए सभी उपायुक्तों और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 1.49 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि कुल राशि में से 99 लाख रुपये सभी उपायुक्तों को ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ की तैयारियों के लिए जारी कर दिए गए हैं। इन निधियों का उपयोग जल निकासी, भोजन और वस्त्र वितरण तथा चारा आपूर्ति इत्यादि के लिए किया जाएगा। इसका उद्देश्य मानसून से संबंधित समस्याओं का सक्रियता से समाधान करना और आपात स्थितियों को उत्पन्न होने से पहले रोकना है। इसके अतिरिक्त, शहरी क्षेत्रों में जलभराव से निपटने और भारी वर्षा की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 50 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस निधि से विभाग प्रभावी जल निकासी समाधान लागू करने और शहरों को संभावित बाढ़ से बचाने में सक्षम होगा।

## भाजपा ने बर्बाद कर दिया युवाओं का भविष्य : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि एक बार फिर भर्तियों में भाजपा के गड़बड़झाला की पोल खुल चुकी है। खुद हाई कोर्ट ने सरकार द्वारा की भर्तियों पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 2019 के बाद हुई सभी भर्तियों के परिणाम अब दोबारा से जारी करने होंगे क्योंकि सरकार ने गलत नियमों के तहत ये भर्तियां की हैं। हुड्डा ने कहा कि सामाजिक आर्थिक आधार पर अंक देने की नीति को भाजपा सरकार कोर्ट में डिफेंड नहीं कर पाई। आखिर सरकार में बैठे वो कौन लोग हैं, जो ऐसी नीतियां बनाते हैं, जो कोर्ट में नहीं ठहर पाती। इसका खामियाजा उन युवाओं को भुगतना पड़ेगा।

*पलवल में करवाई गई प्रतियोगिता*

## नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में हरियाणा बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



पलवल में आयोजित नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में लड़के व लड़कियों की फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में भी हरियाणा ऑवरऑल चैंपियन रहा है। लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने 10 में से 7 गोल्ड मेडल प्राप्त कर परचम लहराया है। इसके अलावा प्रदेश के बेटों ने भी 10 में से 5 स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में विजेता रहे पहलवान वियतनाम में होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में भी पदकों की झड़ी लगाकर नाम रोशन करेंगे। गौरव गौतम चंडीगढ़ यूटी कुश्ती एसोसिएशन व भारतीय कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलवल स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खेली जा रही तीन दिवसीय अंडर-17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में पहलवानों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे थे।

## न तो नौकरी, न किसानों की आय दोगुनी : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को झूठ का रिपोर्ट कार्ड करार देते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 26 मई 2014 को 'अच्छे दिन' का सपना दिखाया था, लेकिन 11 वर्षों में यह सपना एक दुःस्वप्न में बदल चुका है। ये सरकार न तो वादे के अनुसार युवाओं को रोजगार दे पाई है, न ही किसानों की आय दुगनी कर पाई है। 11 सालों की सरकार में केवल झूठ, दिखावा और विफलता ही दिखाई देती है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक, मध्यम वर्ग को सिर्फ छलावा मिला है।

*हाईकमान ने पारदर्शिता को प्राथमिकता दी*

## कांग्रेस में संगठन विस्तार की तैयारी, 21 वरिष्ठ नेताओं की ऑब्जर्वर कमेटी बनाई, हरियाणा से कोई नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस संगठन का विस्तार करीब एक दशक के बाद में होने जा रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने प्रक्रिया में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं को पर्यवेक्षक के सहयोगी के तौर पर उनके जिले में ड्यूटी नहीं मिलेगी। संगठन विस्तार के लिए जून अंत से लेकर 10 जुलाई तक लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश में ब्लॉक और जिला स्तर पर कार्यकारिणी का जल्द विस्तार करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने पंजाब, हिमाचल सहित अन्य राज्यों के 21 वरिष्ठ नेताओं की ऑब्जर्वर कमेटी गठित की है। इनमें प्रदेश से एक भी नेता को पर्यवेक्षक नहीं बनाया गया है, उसका उद्देश्य संगठन विस्तार में पारदर्शिता रखना है।हरियाणा कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के तीन अलग-अलग गुट माने जाते हैं। इन गुटों में शामिल नेताओं को चुनना सभी 21 पर्यवेक्षकों के लिए चुनौती होगी।

#### 37 में से 33 विधायक हुड्डा गुट के

विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के 37 विधायक जीते हैं, जिनमें हुड्डा गुट के 33 विधायक शामिल हैं। अब पर्यवेक्षकों के सहयोगी के तौर पर नियुक्ति के लिए सभी गुट अपने समर्थकों के लिए जोर लगाएंगे। 21 पर्यवेक्षकों के साथ हरियाणा के दो से तीन नेताओं को सहयोगी के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद चार सदस्यीय कमेटी प्रदेश में कार्यकारिणी गठन को लेकर फैसला लेगी। अभी तक हरियाणा में विपक्ष का नेता नहीं चुना जा सका है। इस पर भी पर्यवेक्षक काम करेंगे।

## आर्थिक रूप से तोड़ी जाए नशा तस्करों की कमर

**मधुबन।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने और नशा तस्करों और उनके नेक्सस को तोड़ने को लेकर हरियाणा एनसीबी प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण हरियाणा एनसीबी विभाग की हरियाणा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन पंचकूला सेक्टर 6 में बैठक का आयोजन किया गया। एनसीबी प्रमुख ओपी सिंह ने कहा कि नशे को खत्म करने के लिए ब्युरो द्वारा जन आंदोलन तैयार करने और मिशन मोड मे काम की जरूरत को उजागर किया। मीटिंग में पुलिस महानिदेशक ने कहा की जो नशा तस्कर नशा बेचकर किसी भी तरह की अवैध सम्पति अर्जित करता तो उनकी आर्थिक रूप से कमर तोड़ने पर जोर दिया।

उत्तर रेलवे
भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे
रोज़गार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 02/2025/ एस एंड जी
आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org
(सांकेतिक सूचना)
वर्ष 2025-26 के लिए स्काउट एंड गाइड कोटे में भर्ती

उत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 हेतु स्काउट एंड गाइड कोटे में 7वे सीपीसी के पे मैट्रिक्स लेवल 1 में 18 रिक्तियों और लेवल 2 में 05 रिक्तियों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। यदि पात्र है तो, प्रत्येक स्तर के लिए परीक्षा शुल्क सहित अलग अलग आवेदन भरना होगा।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 21.05.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 22.05.2025 को 12:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 22.06.2025 को 12:00 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | 22.07.2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1550/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **मीरा, पत्नी: संजय, पता: झुग्गी-बेरी गेट, जिला झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 0583/2015, U/s: 392/34 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मीरा** मिल नही रही है। और मुझे समाधानप्रद रूप में द[illegible]ित कर दिया गया है कि **मीरा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** कि अभियुक्ता **मीरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
श्री वैभव गर्ग,
एल.डी. जेएमएफसी-11, सेंट्रल, कमरा नंबर 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6195/N/2025

जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, कैथल
नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम कैथल में निष्प्रयोज्य हो चुके निम्नलिखित सामग्रियों की नीलामी दिनांक 13.06.2025 को होनी सुनिश्चित है। संबंधित सामग्री का विवरण निम्नवत है :-

| क्रम संख्या | वस्तु का नाम |
|---|---|
| 1. | Funiture |
| 2. | Other Equipment (Fan, Cooler etc) |
| 3. | MI Room Items |

नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक केता दिनांक 13.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, कैथल में उपस्थित हो सकते है। नीलामी प्रकिया विद्यालय द्वारा गठित कमेटी के समक्ष की जाएगी। सामग्री की विशेष जानकारी हेतु विद्यालय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। निलामी के लिए राशि 5000/- प्रातः 10 बजे से 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा करें।
हस्ता/- प्राचार्य,
जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, जिला कैथल (हरि.)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।
मु.न. 186 दिनांक 23/05/2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।
गुमशुदा की पहचान
नाम-हिमान्शी।
पिता का नाम नवीन।
पता वासी गांव बुटाना जिला सोनीपत हाल निवासी गांव सिवानमाल जिला जीन्द सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 20 वर्ष।
कद- 4 फुट 07 इन्च।
शिक्षा - 12 वीं।
हुलियाः- रंग गोरा, लमंबुतरा चेहरा, शरीर पतला-फुर्तिला।
पहनावाः-पीले रंग की टी-शर्ट व नीले रंग का प्लाजो व पैरों में स्लीपर पहने हुए हैं।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 22/05/2025 को हिमान्शी पुत्री नवीन वासी गांव बुटाना जिला सोनीपत हाल निवासी गांव सिवानमाल जिला जीन्द सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए कही चली गई हैं। जो अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410546
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9050588060
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/3440/2026/35130/88/6 दि. 27.05.25

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
वेबसाइट : www.hssc.gov.in
शुद्धिपत्र (विज्ञा. सं. 07/2024)
विज्ञा. सं. 07/2024 दिनांक 15.07.2024 की निरंतरतर में, विज्ञा. सं. 07/2024 के तहत अकाउंटेंट, श्रेणी सं. 75, ग्रुप नं. 6 में पदों के तहत आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है :-
ए) हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला पत्र सं. 3291(Estb)/2025/MS/HALSA दिनांक 06.03.2025 के अनुसरण में, ग्रुप नं. 6, श्रेणी सं. 75 के तहत अकाउंटेंट के पदों के लिए विभाजन निम्नानुसार पढ़ा जाए :-

| श्रेणी सं. | पद | सामान्य | एससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम एससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी बीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | अकाउंटेंट | 0 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 9 | 0 | 0 | 1 | 0 |

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 26 मई 2025
हस्ता/- अवर सचिव
कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
पंचकूला
संवाद-1159/13/689/2026/35124/88/6 दि. 27.05.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.00 से कि.मी. 20.500 में करनाल अम्बाला इन्द्री लाडवा रोड (रोड आईडी 7169) (एसएच-07) पर 60 मिमी डीबीएम जमा 40 मिमी बीसी और 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 6559 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बाईपास से गांव हिंदवान मोर आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट हेतु अंडरग्राउंड केबल का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 23.05.2025 02.06.2025 | 6.26 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव काकरोली सरदारा खण्ड बाढड़ा में उमरवास रोड से काकरोली सरदारा तक रास्ता का निर्माण। | 23.05.2025 02.06.2025 | 18.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | दक्षिण बहलबा लिंक ड्रेन आरडी 14500/आर के अंदर गांव बहलबा के खेतों के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए 250 मिमी डाया मज्जा एसी पाइप (2.5 केजी/सीएम2) बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 30.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/80/35148/I/88/6 दि. 27.05.25


माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा के निदेशक ने जारी किए निर्देश

# छात्रों के टैब का इंटरनेट खत्म अब डाटा खरीदकर पढ़ना होगा

## स्कूलों में लगे ब्रॉडबैंड से नेट लेकर पल सॉफ्टवेयर पर अपना कार्य कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियो को वितरित किए गए टैब में अब फ्री इन्टरनेट की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके लिए अब विद्यार्थियों को अपनी जेब से डाटा खर्च करना होगा। इस संदर्भ में 23 मई को जारी पत्र क्रमांक 28/13-2022 एसीडी के अनुसार निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सत्र 2025-26 के लिए किसी भी प्रकार की नेट सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। इसे विद्यार्थियो को स्वयं वहन करना होगा या फिर स्कूलों में लगे ब्रॉडबैंड से बच्चे नेट डाटा लेकर पल सॉफ्टवेयर पर अपना कार्य कर सकेंगे। प्रतिवर्ष अनलिमिटेड डाटा के साथ मिलने वाली सिम से अब नेट नहीं चल पाएगा। इस सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।


Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

नारनौल। जारी किया गया पत्र।

### ये है पल सॉफ्टवेयर

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए सीखने को बढ़ाने के लिए एक व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण (पल ) प्रणाली लागू की थी, जिसे पल के नाम से भी जाना जाता है। पल प्लेटफ़ॉर्म को एक वन-स्टॉप, सर्व-समावेशी पूरक शिक्षण संसाधन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। यह विभिन्न शिक्षण सामग्रियों तक अनुकूली और गतिशील पहुंच प्रदान करता है। पल प्लेटफ़ॉर्म के साथ टैबलेट वितरित किए जाते हैं। इस पहल के तहत पांच लाख छात्रों को टैबलेट ( व्यक्तिगत और अनुकूली शिक्षण (पीएएल) सॉफ्टवेयर के साथ प्रीलोडेड दिए गए थे। बच्चों को प्रतिदिन दो जीबी इंटरनेट डेटा भी मुफ्त प्रदान किया जाता था। जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में आसानी होती थी।

## प्रतिवर्ष अनलिमिटेड डाटा के साथ मिलने वाली सिम से अब नेट नहीं चल पाएगा




### 2022 में शुरू हुई थी ई अधिगम टैबलेट परियोजना

ई-अधिगम टैबलेट परियोजना, जिसमें पल कार्यान्वयन शामिल है। साल 2022 में शुरू की गई थी। यह परियोजना 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को एकीकृत पीएएल समाधानों के साथ टैबलेट प्रदान करती है। सरकार के इस आदेश के कारण लाखों बच्चों को दिए गए टेबलेट अब कूड़ेदान में जाने लायक हो गए हैं क्योंकि बच्चे डाटा खरीदकर पढ़ने में असमर्थ हैं।

### टैबलेट में अब फ्री नहीं मिलेगा इंटरनेट डेटा

महेंद्रगढ़ डाइट में कार्यरत अरूण कुमार ने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारी की ओर से पत्र मिला है। अब टैबलेट में फ्री इंटनरेट डेटा नहीं मिलेगा। जिले में करीब 15 हजार विद्यार्थियों के पास टैबलेट वितरित किए हुए है। जिससे वह घर जाकर पढ़ाई करते है।

# प्रश्न का जवाब न देने पर अध्यापक ने तीसरी कक्षा की छात्रा को बेरहमी से पीटा

■ रतिया के रत्ताखेड़ा में प्राइमरी स्कूल का मामला, टीचर पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

■ बच्ची के तीन जगह चोट के निशान, विभाग ने रिपोर्ट मांगी

जिले के रतिया उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा में प्राइमरी स्कूल में एक अध्यापक अशोक द्वारा तीसरी कक्षा की छात्रा को कमरे में बंद कर बेरहमी से डंडों से पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रतिया शहर थाना पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर जेजे एक्ट की विभिन्न धाराओं और मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया है। अब जल्द ही टीचर की गिरफ्तारी भी होगी। छात्रा का कसूर केवल इतना था कि उसने अध्यापक द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब वह नहीं दे पाई थी। छात्रा को रतिया के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उधर, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने मामले का संज्ञान लेते हुए तीसरी कक्षा की छात्रा की पिटाई करने वाले अध्यापक अशोक के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी व प्रिंसिपल को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव रत्ताखेड़ा निवासी कुलवंत राम ने कहा है कि उसकी 8 वर्षीय लडक़ी जस्सी गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा तीसरी में पढ़ती है। 26 मई को रोजाना की तरह वह स्कूल गई थी। दोपहर को 11 बजे एक छात्रा ने उसे घर आकर बताया कि जस्सी की आज स्कूल में मास्टर ने बहुत ज्यादा पिटाई की है।

कुलवंत के अनुसार इसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ स्कूल में गया तो क्लास में उसकी लड़की जस्सी रो रही थी । इसके बाद वह उसे अपने साथ घर ले आए लेकिन उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

कुलवंत के अनुसार उसकी लडक़ी जस्सी ने उसे बताया कि मास्टर अशोक कुमार ने उसकी थप्पड़ व डंडों से पिटाई की है। बताया जाता है कि बच्ची को तीन जगह चोटें आई हैं।


फतेहबााद। रतिया अस्पताल में बच्ची का उपचार करते चिकित्सक।

### डॉक्टर बोले- बच्ची के कान पर चोट के निशान

इस संबंध में रतिया शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर आरोपी टीचर अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही टीचर की गिरफ्तारी होगी। रतिया नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर नवजोत सिंह ने बताया कि बच्ची की डंडों से भी पिटाई की गई है और उसकी कान पर भी चोट है जिसको देखते हुए ईएनटी का ओपिनियन भी लिया जाएगा। इस घटना की सूचना जैसे ही जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई को मिली तो उन्होंने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रतिया व स्कूल के प्रिंसिपल को पूरे मामले की जांच रिपोर्ट भेजकर पिटाई करने वाले अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है।

## खबर संक्षेप

### कर्मी मांगों को लेकर अधिकारियों से मिले

**फरीदाबाद।** हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन रजि: 1266 सर्कल कमेटी फरीदाबाद सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने अपनी चिरलंबित मांगो के सन्दर्भ में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद के प्रशासक साहिल गुप्ता से खुर्शीद अहमद सर्कल मुख्य सलाहकर के नेतृत्व में शिष्ट मण्डल के साथ मिला। मीटिंग शिष्टाचार पूर्वक से हुई।

### ड्रेनों की सफाई में कोताही बर्दाश्त नहीं

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों एवं शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नालों की आंतरिक निकासी के कार्यों से संबंधित प्रगति की समीक्षा हेतु जिला के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में बरसात के मौसम से पहले तैयारियों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, जल निकासी परियोजनाओं की प्रगति तथा विभागों के बीच समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### कंपनी कर्मचारी को 1.90 लाख रुपये की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए कंपनी कर्मी को 1.90 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-81 में रहने वाले मुकुल भाटिया ने कहा कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। उसके पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है, जिसकी तीन लाख रुपए की लिमिट है। बीती 22 मई की दोपहर को वह घर पर था और उसका क्रेडिट कार्ड उसके पास था। इसी दौरान उसके पास क्रेडिट कार्ड से रुपए कटने के मैसेज आने लगे।

# मकान की छत गिरी, चार बच्चों सहित पांचे दबे

■ ग्रामीणों ने पांचों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, सभी खतरे से बाहर

**जींद।** गांव जामनी से भूरायण रोड बने मकान की छत गिरने से महिला तथा उसके चार बच्चे मलबे नीचे दब कर घायल हो गए। ग्रामीणों ने छत के मलबे के नीचे दब पांचों सदस्यों को बाहर निकाल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सभी के हालात खतरे से बहार हैं। जामनी निवासी सुरेंद्र ने भूरायण रोड पर मकान बनाया हुआ है। बीती देर शाम सुरेंद्र की पत्नी कौशल्या (34) खाना बना रही थी। उसकी बेटी अकांक्षा (13), सेजल (11), देविका (8), युवराज (6) मकान के अदंर थे। उसी दौरान मकान की छत गिर गई। जिसमें पांचों मलबे के नीचे दब गए। धडाम की आवाज तथा मलबे नीचे दबे बच्चों तथा महिला के चिल्लाने की आवाज सुन कर पडोसी मौके पर पहुंच गए और मलबे के नीचे दबे पांचों सदस्यों को बाहर निकाला। मलबा गिरने से पांचों सदस्यों को चोटें आई। जिसके बाद उन्हें तत्काल नागरिक अस्पताल लाया। राहत की बात यह रही कि किसी भी सदस्य को गंभीर चोटें नही आई। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। घटना के दौरान परिवार का मुख्यिा सुरेंद्र कार्यवश बाहर गया हुआ था। बताया जाता है दो दिन पहले आई तेज आंधी तथा बारिश के कारण मकान की छत कमजोर हो गई थी। जो बीती देर शाम को अचानक गिर गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुरेंद्र बीमार रहता है। कौशल्या मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रही है।

# जहर खाकर सुसाइड, फाइनेंसरों पर आरोप

■ उपचार के दौरान अस्पताल में मौत

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव चेलावास निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने चार कथित फाइनेंसरों की ओर से लाखों रुपये ऐंठने के दबाव में आकर आत्म हत्या कर ली। मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। कनीना सिटी पुलिस ने मृतक व्यक्ति की पत्नी की शिकायत पर चार व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक की पत्नी माया देवी ने बताया कि उसके पति कृष्ण कुमार (45 वर्ष) से नीतू, पवनवीर, योगेश वासी मेघनवास की ढाणी हाल आबाद गुढ़ा ने दबाव बनाकर अब तक 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसी प्रकार एयू फाइनेंस कम्पनी कर्मचारी आशीष ने बैंक लोन क्लीयर करने के नाम पर दो लाख 10 हजार रुपये की तीन किस्ते ले गया, लेकिन लोन क्लीयर नहीं किया। अब योगेश कुमार व अन्य की ओर से उसका ट्रैक्टर उठवाने की धमकी दी जा रही थी। लोन क्लीयर करने के लिए 26 मई तक 10 लाख रुपये उपलब्ध करवाने अन्यथा ट्रैक्टर उठाने का दबाव बनाया गया था। जिसे लेकर उसका पति बेहद परेशान था। जिसके चलते वह रातभर सोया भी नहीं और मंगलवार सुबह उन्होंने जहर खा लिया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त चारों व्यक्तियों के दबाव में आकर कृष्ण कुमार ने मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे चेलावास में बने अपने पुराने मकान में जहर खा लिया।

### लोन दिलवाने का झांसा देकर 84 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने लोन दिलाने के नाम पर दुकानदार से 84 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में भिवानी के विवेक ने कहा कि उसकी फर्रुखनगर के मारुति कॉलोनी परचून की दुकान है। जिसके लिए उसे लोन की जरूरत थी। ऐसे में उसके पास 17 अप्रैल को एक कॉल आई और लोन दिलाने की बात कही। विवेक की सहमति पर उसने बताया कि लोन के लिए फाईल चार्ज का भुगतान करना होगा। इसके लिए उसने विवके के पास एक स्कैनर भेजकर ठगी कर ली।

15 साल की किशोरी को जहर खिलाया, हादसा दिखाने को सड़क पर शव को फेंक दिया

# बेटी की हत्या के आरोप में मां सहित पांच गिरफ्तार

**कैथल।** किशोरी की हत्या करके शव सड़क पर फेंककर एक्सीडेंट के मामले में बदलने के मामले में गुहला पुलिस द्वारा 2 महिलाओं सहित 5 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी उसकी 15 वर्षीय बेटी को कुरुक्षेत्र सत्संग में ले जाने की बात कहकर 19 मई को घर से गई थी। अगले दिन जब उसने पत्नी को फोन किया तो उसने कहा कि हम अभी सत्संग में ही है और कल आएंगे लेकिन अगले दिन दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी पत्नी दौड़ते हुए आई और कहा कि उसकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया है, जिससे बेटी की मृत्यु हो गई है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और एक्सीडेंट की बात सही मानते हुए उन्होंने अपनी बेटी का संस्कार कर दिया। रविवार को उसकी बेटी की रस्म क्रिया थी। इस दौरान उसकी पत्नी ने रोते हुए उसे बताया कि उसकी बेटी का एक्सीडेंट नहीं हुआ था। उसने बताया कि गांव बकाना निवासी रेखा उसके साथ फैक्टरी में काम करती है। रेखा ने उसकी दोस्ती कैथल के हंसुमाजरा निवासी लाडी के साथ करवाई। इस दौरान एक दिन जब वह रेखा के साथ लाडी से मिलने के लिए गई तो लाडी और उसके बीच शारीरिक संबंध बन गए। रेखा की बातों में आकर 19 मई को वह सत्संग में जाने की बात कहकर अपनी बेटी को लेकर लाडी के पास चली गई। रेखा भी साथ थी। हंसूमाजरा पहुंचने पर लाडी ने मुझे पुड़िया दी। वह मैंने बेटी को खिला दी। फिर वह बेटी के कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद बेटी की चीख सुनाई दी। बेटी के मुंह से झाग निकल रहा था। बाद में उसकी मौत हो गई।



### डिलिवरी बॉय को चाकू घोंपा, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डिलिवरी बॉय को चाकू मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने दो 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी 16 में नेमराज निवासी गांव दौलताबाद फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 23 मई की सुबह 3 बजे ड्यूटी खत्म करके अपने घर जाने लगा तभी दो व्यक्ति अचानक गाड़ी से निकले और उनमें से एक ने उस पर चाकू घोप दिया। पुलिस ने मामले में मुकुल व सूरज को काबू किया है।

### उद्घोषित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**गुरुग्राम।** अदालत के आदेश की अवहेलना करने पर सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दिया। दरअसल, डीएलएफ फेज-3 थाना में आरोपी सूरज निवासी कंजूरका गांव, नूंह को अदालत ने जमानत पर छोड़ा था। आरोपी निश्चित की गई तारीख पेशियों पर अदालत में पेश नहीं हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया

जस्टिस बोले - गंभीर समस्या से निपटने के लिए कानूनी ढांचे की अनुपस्थिति हैरान करने वाली

# गैंगस्टर हिंसा पर हाईकोर्ट सख्त, दो माह में एसओपी तैयार करने के आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ गैंगस्टर अपराधों की शिकायत के टोल-फ्री हेल्पलाइन, ईमेल आईडी और ऑनलाइन पोर्टल स्थापित करने के निर्देश

■ जिलों में एसपी/डीसीपी स्तर के नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का तुरंत गठन किया जाए

पंजाब और हरियाणा में बढ़ती गैंगस्टर प्रायोजित हिंसा और उत्पीड़न पर कड़ा रुख अपनाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकारों को दो महीने में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का आदेश दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा कि ऐसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए कानूनी ढांचे की अनुपस्थिति हैरान करने वाली है। कोर्ट ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की विफलता बताया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गिरोह से जुड़ी गतिविधियों पर सूचना मिलते ही एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य होगा, परन्तु ये प्राथमिकियां सार्वजनिक पोर्टल पर अपलोड नहीं होंगी। प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों की जांच डीएसपी से नीचे रैंक के अधिकारी नहीं कर सकेंगे। साथ ही, गवाही देने वालों की सुरक्षा के लिए 'पंजाब साक्षी संरक्षण योजना 2024' में संशोधन का आदेश भी दिया गया। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर अपराधों की शिकायत हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन, ईमेल आईडी और ऑनलाइन पोर्टल स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। जिलों में एसपी/डीसीपी स्तर के नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स और राज्य स्तर पर एडीजीपी की निगरानी में विशेष टास्क फोर्स गठित करने को कहा गया है। इसके अलावा, फोरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक सबूतों का विश्लेषण, बैंक खातों को फ्रीज करना और सोशल मीडिया की निगरानी भी एसओपी का हिस्सा होगा। कोर्ट ने एडीजीपी को पड़ोसी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ नियमित बैठकें करने और खुफिया जानकारी साझा करने का आदेश दिया है।






## चिंतन

# भारतीय कूटनीतिक मिशन को सफल बना रहा प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के वैश्विक खतरे को लेकर सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की विदेश यात्रा की देश में विपक्ष की ओर से भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन भारतीय संसदीय इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने व्यापक स्तर पर एक मुद्दे के परिप्रेक्ष्य में यह पहल हो रही है। साफ है कि इसके उद्देश्य सामान्य समझ से व्यापक होंगे, इसके व्यापक कूटनीतिक मायने हैं। पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और हमलावर आतंकियों को यूं ही बचने नहीं दिया जा सकता है। भारत लंबे समय से आतंकवाद का सामना कर रहा है, वैश्विम मंचों से आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होने के लिए आह्वान भी करता रहा है, लेकिन विश्व के मजबूत देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ वैसी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती है, जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। बयानों के स्तर पर सभी देश आतंकवाद का विरोध करते दिखते हैं, लेकिन नीतिगत स्तर पर सुविधा के अनुसार फैसले करते हैं। अमेरिका व चीन ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमेशा निराश किया है। मौजूदा वक्त में 23 मई से 3 जून तक सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सात समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्रा पर है। सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और उसके पहले पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की आतंकवादपरस्त नीतियों व करतूतों और सभी तरह के आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर भारत का पक्ष विस्तार से रखेगा। इस यात्रा में पाकिस्तान के मददगार देश शामिल नहीं हैं। चीन, तुर्किये और अजरबैजान में प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजे गए हैं। कूटनीतिक रूप से भारत ने स्पष्ट लाइन ली है, जो भारत की बात न सुनेंगे, न समझेंगे, न ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे, तो ऐसों पर समय क्यों नष्ट करना। इस यात्रा से आतंकवाद के प्रायोजक देश पाकिस्तान और अलग-थलग पड़ेगा। सबूतों के साथ विश्व को बताना जरूरी है कि भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ किस मजबूती से लड़ रहा है और कुछेक देश कैसे अपना हित साधने के लिए आतंकवाद को दरकिनार कर पाक के साथ हैं। साथ ही पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कैसे भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल है। पाकिस्तान में आज भी अनेक घोषित ग्लोबल आतंकी हैं और 32 से अधिक आतंकी गुट पाक की सरजमीं से ऑपरेशनल हैं। प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस, 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान और सोमालिया को छोड़ अन्य आठ ग्रीस, दक्षिण कोरिया, अल्जीरिया, डेनमार्क, सियरा लियोन, गुयाना, पनामा और स्लोवेनिया में अपनी बात रखेगा। इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) के भी कई देशों- कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मिस्र में भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल पाक प्रायोजित आतंकवाद पर बात कर रहा है। कश्मीर पर ओआईसी का नजरिया तथ्य से परे रहा है, इसलिए उसे पाक के काले सच का सामना कराना जरूरी है। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान के आतंकवादी गुटों और इस्लामिक स्टेट की तकफीरी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। तकफीरी का मतलब है हिंसा को सही ठहराने के लिए किसी को काफिर घोषित करना। भारत जिस तरह के आतंकवाद का सामना कर रहा है, तकफीरी विचारधारा से समानताएं हैं।



अर्थव्यवस्था

डा. जयंतीलाल भंडारी

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर

> दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। वहीं अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण करने पर पूरा ध्यान देना होगा।

हाल ही में नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा।

वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा । हाल ही प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। इस परिप्रेक्ष्य में 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वस्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहाँ एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति



श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उससे एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा।

इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी। इन सबके साथ-साथ अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

सुरेन्द्र शर्मा



# स्वाधीनता के लिए वीर सावरकर का संघर्ष सबके लिए प्रेरणास्रोत

वीर सावरकर भारत के इतिहास के वह महापुरुष जिन्हें भुलाने की लगातार कोशिश की गई लेकिन उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है कि जितना उसे ग्रहण लगाने की कोशिश की गई, हर समय सूर्य के तेज की तरह दोगुने रूप में उनका व्यक्तित्व और निखरकर राष्ट्र के सामने आया। पुण्य भूमि भारत की वीर प्रसूता भूमि महाराष्ट्र जिसने क्षत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक जैसे तेजोमय नायकों को जन्म दिया, में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को नासिक के पास भगूर नामक गांव में हुआ था। उनकी मृत्यु 26 फरवरी, 1966 को बम्बई (अब मुंबई) में हुई थी। विनायक दामोदर सावरकर एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। सावरकर के पिता का नाम दामोदरपंत सावरकर और माता राधाबाई थीं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। वह अपने बड़े भाई गणेश (बाबाराव) से काफी प्रभावित थे। लंदन में वीर सावरकर ने अपने साथी भारतीय छात्रों को प्रेरित किया और आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए एक संगठन 'फ्री इंडिया सोसाइटी' का गठन किया। वीर सावरकर ने 'द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक लिखी, जिसने कई भारतीयों को आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, इस किताब पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसने कई देशों में लोकप्रियता हासिल की। भारत में वीर सावरकर के बड़े भाई ने 'इंडियन काउंसिल एक्ट 1909' जिसे मिंटो-मॉर्ले रिफॉर्म के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। विरोध के साथ ब्रिटिश पुलिस ने दावा किया कि वीर सावरकर ने अपराध की साजिश रची थी और उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। 13 मार्च, 1910 को उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वीर सावरकर के खिलाफ फैसला आया और उन्हें 50 साल की कैद की सजा सुनाई गई। अंडमान में उन्हें काला पानी के नाम से मशहूर 'सेल्यूलर जेल' में बंद कर दिया गया। जेल में उन्हें बहुत यातनाएं दी गईं। लेकिन, उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता की भावना जारी रही और उन्होंने वहां अपने साथी कैदियों को पढ़ाना-लिखाना सिखाना शुरू कर दिया। उन्हें हमेशा हिंदू होने पर गर्व था और उन्होंने इसे एक राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान बताया। 6 जनवरी, 1924 को सावरकर को जेल से रिहा कर दिया गया और उन्होंने 'रत्नागिरी हिंदू सभा' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना था। अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गये भारत के स्वाधीनता संग्राम में वीर विनायक दामोदर सावरकर का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर देश ही नहीं, तो विदेश में भी क्रांतिकारियों को तैयार किया। सावरकर वह पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने 7 अक्टूबर 1905 में विदेशी वस्त्रों का दहन किया, तब बाल गंगाधर तिलक ने अपने पत्र केसरी में उनको शिवाजी के समान बताकर उनकी प्रशंसा की थी। सावरकर द्वारा विदेशी वस्त्र दहन की इस प्रथम घटना के 16 वर्ष बाद महात्मा गाँधी जी उनके मार्ग पर चले और 11 जुलाई 1921 को मुंबई के परेल में विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया। वीर सावरकर प्रथम राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सत्ता ने 30 वर्षों तक जेलों में रखा तथा आजादी के बाद 1948 में नेहरु सरकार ने गांधी हत्या की आड़ में लाल किले में बंद रखा पर न्यायालय द्वारा आरोप झूठे पाए जाने के बाद ससम्मान रिहा कर दिया। देशी-विदेशी दोनों सरकारों को उनके राष्ट्रवादी विचारों से डर लगता था। वीर सावरकर वह पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंत्र्य वीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमें कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया था। आज वीर सावरकर सभी में लोकप्रिय और युवाओं के आदर्श बन रहे हैं। वीर सावरकर के कार्य का एक बड़ा क्षेत्र सामाजिक सामंजस्य क़ायम करना व जाति भेद को समाप्त करने का था। भारत की अखंडता के प्रबल पक्षधर, अद्वितीय स्वतंत्रता सेनानी स्वातंत्र्यवीर सावरकर का महामंत्र था एक राष्ट्र-एक संस्कृति भाव। भारत की स्वतंत्रता के लिए उनका संघर्ष व राष्ट्रप्रेम हर भारतवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। 1970 में भारत सरकार द्वारा सावरकर की स्मृति में डाक टिकट जारी किया।



(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित

## प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरु

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *–सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### निवेश योजनाओं पर चर्चा



कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना क़ब्ज़ा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नॉट फाउंड सूटेबल



'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक़, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित


हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा। लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज़ के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ़्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## गुजरात दौरा : पीएम मोदी बोले-भारत वीरों की भूमि, हमें चुनौती ना दे पड़ोसी

# आतंकवाद पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध रणनीति, भारत उसी के अनुसार जवाब देगा

**गांधीनगर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद कोई परोक्ष युद्ध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है और भारत उसी के अनुसार जवाब देगा। यहां गुजरात सरकार के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद की वकालत की। पाकिस्तान में गैर-सरकारी और सरकारी तत्वों के बीच कोई अंतर नहीं करने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश आतंकवाद को समर्थन जारी रखते हुए युद्ध में संलग्न है। मोदी ने यहां गुजरात सरकार के शहरी विकास कार्यक्रम में कहा, ''वसुधैव कुटुम्बकम् हमारा संस्कार है, हम अपने पड़ोसियों के लिए भी खुशी चाहते हैं, लेकिन यदि आप हमारी ताकत को चुनौती देंगे तो भारत भी वीरों की भूमि है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम इसे परोक्ष युद्ध नहीं कह सकते, क्योंकि छह मई की रात (पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय हमलों में) मारे गए लोगों को पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडे लपेटे गए और सेना ने उन्हें सलामी दी।'



### भारत ने ''आतंकवाद के कांटे को निकालने'' का मन बना लिया

पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बाद मोदी अपनी पहली यात्रा पर गुजरात पहुंचे थे। मोदी ने कहा कि वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और गांधीनगर की यात्रा के दौरान उन्हें ''ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गर्जना के साथ देशभक्ति का जोश'' महसूस हुआ, तथा यह भावना पूरे देश में देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक कांटा लगातार दर्द दे सकता है, भले ही शरीर कितना भी मजबूत क्यों न हो। उन्होंने कहा कि भारत ने ''आतंकवाद के कांटे को निकालने'' का मन बना लिया और इसे पूरी दृढ़ता के साथ किया। उन्होंने आजादी के तुरंत बाद कश्मीर में हुई घुसपैठ का जिक्र करते हुए कहा, ''हमें 1947 में कश्मीर में घुसने वाले मुजाहिदीनों को मार गिराना चाहिए था और यदि यह किया गया होता तो वर्तमान स्थिति उत्पन्न नहीं होती।''

### आतंकवाद की यह विरासत पिछले 75 वर्षों से जारी

मोदी ने कहा, ''विभाजन के दौरान मां भारती दो टुकड़ों में बंट गई और उसी रात मुजाहिदीन द्वारा कश्मीर पर पहला आतंकी हमला किया गया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इन्हीं आतंकवादियों की मदद से भारत माता के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''सरदार पटेल की उस समय यह राय थी कि भारतीय सेना को तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर पुनः कब्जा नहीं कर लिया जाता। हालांकि, पटेल की सलाह पर ध्यान नहीं दिया गया।'' मोदी ने कहा, ''आतंकवाद की यह विरासत पिछले 75 वर्षों से जारी है तथा पहलगाम में आतंकवादी हमला इसका एक और भयावह रूप था।

## राष्ट्रपति ने हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

# पूर्व प्रधान न्यायाधीश खेहर, नृत्यांगना शोभना समेत 68 हस्तियों को पद्म सम्मान से नवाजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर, नृत्यांगना शोभना चंद्रकुमार, अभिनेता अनंत नाग और प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति सोनिया नित्यानंद समेत 68 प्रतिष्ठित लोगों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। गत 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के नागरिक पुरस्कारों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के लिए कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नामों की घोषणा की गई थी। राष्ट्रपति ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में 68 चयनित लोगों को पुरस्कार प्रदान किए। इससे पहले गत 28 अप्रैल को पहले सम्मान समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से विभूषित किया था। मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) खेहर को सार्वजनिक मामलों के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया, जबकि दिवंगत कथक नृत्यांगना कुमुदिनी रजनीकांत लखिया और दिवंगत प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के लिए यह सम्मान क्रमशः लखिया के पोते और सिन्हा के बेटे ने ग्रहण किया।







### ऑपरेशन सिंदूर के बाद खेड़ा बोले

## जो तथ्य मौजूद हैं वे आपकी पसंद से तो गायब नहीं हो सकते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर सवालों की झड़ी लगा दी है। मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने पंडित नेहरू द्वारा कही गई बात का उल्लेख करते हुए कहा, तथ्य तो तथ्य हैं और आपकी पसंद के कारण गायब नहीं होंगे। भाजपा के नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तथ्य यह है कि कांग्रेस देश के साथ खड़ी थी, जबकि भाजपा अपने लिए खड़ी थी। बतौर पवन खेड़ा, मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति और युद्ध विराम के बाद की कहानी के हालिया नतीजे अब भारत में भी देखे जा रहे हैं।

### निशिकांत ओछी राजनीति कर रहे

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की घटनाओं पर कांग्रेस और भाजपा की प्रतिक्रिया में नीयत, इरादे और ईमानदारी का बुनियादी अंतर है। जहां भाजपा ने हमारे सशस्त्र बलों की वीरता की आड़ में राजनीति की और उनके नेताओं ने उनका अपमान किया, वहीं कांग्रेस पार्टी हमारे सशस्त्र बलों के साथ और राष्ट्रीय हित में मजबूती से खड़ी रही। विदेश भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कांग्रेस के नेता जहां एक ओर भारत के लिए खुलकर और सामूहिक रूप से बोल रहे हैं, वहीं निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसद, जो इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं, बेशर्मी से पक्षपातपूर्ण राजनीति कर रहे हैं और अपने ट्वीट और बयानों के जरिए ओछी और घिनौनी राजनीति के लिए झूठ फैला रहे हैं।

## सावरकर से जुड़ी याचिका खारिज, इसमें राहुल गांधी को निर्देश देने की मांग थी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को विनायक दामोदर सावरकर से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सावरकर के खिलाफ नैरेटिव सेट करने और उनके नाम के गलत उपयोग को रोकने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा-याचिकाकर्ता के किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है और इसलिए न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। याचिका डॉ. पंकज फडनीस ने दायर की थी, जो कोर्ट में मौजूद रहे। दरअसल, उन्होंने राहुल गांधी को सावरकर के खिलाफ कमेंट करने पर सजा के तौर पर सामुदायिक सेवा करने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि राहुल गांधी को वीर सावरकर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना, अपरिपक्व और अपमानजनक टिप्पणी करने की आदत है। राहुल को जब सावरकर पर कमेंट करने के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में दोषी पाया गया, तो सजा के तौर पर उन्हें किसी सजा के बदले एक दिन के लिए मुंबई में सावरकर संग्रहालय में झाड़ू लगाने जैसी सामुदायिक सेवा करनी चाहिए।

## सूरत में देश का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन तैयार, अगले साल शुरू होगा ट्रायल रन



**नई दिल्ली।** भारत की बहुप्रतीक्षित बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। इस महत्वाकांक्षी मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के तहत गुजरात के सूरत में देश का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन लगभग तैयार हो गया है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने हाल ही यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि ट्रायल रन अगले साल से शुरू होंगे और पूरी सेवा 2029 तक शुरू हो सकती है। मंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पर सूरत स्टेशन और निर्माणाधीन ट्रैक की कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा कि भारत का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन सूरत में लगभग पूरा हो चुका है। ट्रायल रन अगले वर्ष से शुरू होंगे और पूर्ण सेवा 2029 तक शुरू होने की संभावना है। कुछ दिन पहले नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया था कि गुजरात में डायमंड सिटी के पास 40 मीटर लंबे गर्डर के लॉन्च के साथ ही 300 किलोमीटर वायाडक्ट का निर्माण पूरा हो चुका है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुसार अब तक बने 300 किमी सुपरस्ट्रक्चर में से 257.4 किमी फुल स्पैन लॉन्चिंग मेथड से तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, 14 नदी पुल, 37.8 किमी स्पैन बाय स्पैन पद्धति, 0.9 किमी स्टील ब्रिज, 1.2 किमी पीएससी ब्रिज और 2.7 किमी स्टेशन भवन के हिस्से शामिल हैं। अब तक परियोजना के तहत 383 किमी पियर्स, 401 किमी नींव और 326 किमी गर्डर कास्टिंग का कार्य पूरा हो चुका है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## दुनिया भर में पाक का नापाक चेहरा बेनकाब कर रहा भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

# फ्रांस में बोले प्रसाद-आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को अब एक स्वर में बोलने की जरूरत

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब कर रहे हैं। इस क्रम में जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सियोल, दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा समाप्त कर सिंगापुर पहुंचा है।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आज़ाद अस्पताल में भर्ती**

**रियाद।** भाजपा के सांसद पांडा ने बताया कि खाड़ी देशों की यात्रा पर आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खास बातें


- भारत ने अंतिम उपाय के रूप में सटीक हमला किया
- पाक को मिली वित्तीय मदद आतंकियों पर खर्च होती



### असीम मुनीर 'बेवकूफ जोकर': ओवैसी



ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर को 'बेवकूफ जोकर' बताया। उन्होंने कहा कि चीजों को सही तरीके से कॉपी करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। दरअसल, पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाक पीएम शहबाज शरीफ को ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस का स्मृति चिन्ह भेंट किया था और भारत पर अपनी जीत का दावा किया था। हालांकि बाद में पता चला कि यह तस्वीर 2019 के चीन सैन्य अभ्यास की थी। ओवैसी ने कुवैत में कहा कि ये बेवकूफ जोकर भारत से प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं।



### कांगो ने पहलगाम हमले की आलोचना की

कांगो ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया है साथ ही पहलगाम आतंकी हमले की तीखी आलोचना की। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अफ्रीका के कांगो के डिप्टी पीएम जीन पिएरे बेम्बा गोम्बो, विदेश मंत्री, असेंबली स्पीकर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में श्रीकांत शिंदे के अलावा भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, अतुल गर्ग, मनन कुमार मिश्रा, एसएस अहलूवालिया, पूर्व राजनयिक सुजन चिनॉय शामिल हैं।

### स्लोवेनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ

*स्लोवेनिया में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल छह ने स्लोवेनिया की संसद के उच्च सदन यानी नेशनल काउंसिल के चेयरमैन और स्लोवेनियाई एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस (एसडीएमओ) के अध्यक्ष मार्जान शेटिन्क और उनके सदस्यों के साथ बातचीत की। सांसद कनिमोझी ने कहा कि स्लोवेनिया को भारत और आतंकवाद के कारण भारत की समस्याओं के बारे में बहुत गहरी समझ है। स्लोवेनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है।*



## राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर से कांपा था पाक दुश्मन की चौकियों, बंकरों पर न भुला देने वाला किया प्रहार

**जम्मू।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा दुश्मन देश पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई की सिलसिलेवार जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना घुसपैठ कराना




चाहती थी। 40 से 50 आतंकी घुसपैठ की कोशिश में थे। फॉरवर्ड पोस्ट को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी। बीएसएफ की ओर से फायरिंग का माकूल जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर का प्रहार पाकिस्तान भूल नहीं पाएगा। आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया गया। बीएसएफ ने सिंदूर की कार्रवाई का नया वीडियो जारी किया है।

**बिना बताए क्लास नहीं छोड़ सकते**

## ट्रंप प्रशासन के फरमान से यूएस में भारतीय छात्रों की बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अगर आप भारत या दुनिया के किसी अन्य देश से छात्र वीजा पर अमेरिका में ऊंची तालीम हासिल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइये। कोई भी क्लास मत छोड़िए, कोर्स छोड़ने से पहले अपने विश्वविद्यालय को जरूर सूचित करें। क्योंकि ऐसा न करने पर अब न केवल आपका छात्र वीजा रद किया जा सकता है। बल्कि भविष्य में भी आप अमेरिका का वीजा पाने की पात्रता से भी हाथ धो बैठेंगे। जी हां, यह चेतावनी शत-प्रतिशत सही है। जिसे मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने अपने एक्स हैंडल पर एक आधिकारिक बयान को पोस्ट कर जारी किया है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका में भारत के कुल करीब 3 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। यह जानकारी मंगलवारको भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक्स पोस्ट में दी है।

**दिया संदेश, उमर सरकार दृढ़, सशक्त**

## श्रीनगर में जहां हुआ था आतंकी हमला, वहीं हुई कैबिनेट बैठक



**श्रीनगर।** सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को अपने सहयोगियों के साथ पहलगाम में कैबिनेट बैठक की। बैठक में पर्यटन को पुनर्जीवित करने और आगामी अमरनाथ यात्रा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के अलावा सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की किश्त जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सीएम कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा कि सीएम ने पहलगाम में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कवायद नहीं थी, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था - हम आतंकवादियों के कायराना कृत्यों से नहीं डरते हैं।

**वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए**

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 92 बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही, 26 दिसंबर 2024 से अब तक जिले में हिरासत में लिए गये बांग्लादेशी नागरिकों की कुल संख्या 142 हो गई है। पुलिस के अनुसार, हाल ही में दक्षिण-पश्चिम जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों का पता लगाने और उन्हें हिरासत में लेने के लिए 10 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया था। खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए और स्थानीय मुखबिरों की मदद से कई संवेदनशील इलाकों में घर-घर जाकर लोगों का सत्यापन किया गया।

